Source:- [https://hindi.sakshi.com](https://hindi.sakshi.com)

# DRI ने RGIA पर सोने के 42 बिस्कुट बरामद, हिरासत में इंडिगो अधिकारी

**अपराध** October 6, 2019, 2:38 pm Updated: October 6, 2019, 2:48 pm

*कॉन्सेप्ट फोटो*

**हैदराबाद** : डीआरआई के अधिकारियों ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय (शमशाबाद) हवाई अड्डे पर दुबई से आये दो यात्रियों के पास से 4891 ग्राम सोना बरामद किया। बरामद सोने की कीमत 1करोड 84 लाख बताई गई। डीआरआई ने दोनों यात्रियों के साथ इंडिगो एयरलाइंस के ग्राहक सेवा अधिकारी को गिरफ्तार किया।

डीआरआई ने विश्वसनीय सूत्रों के आधार पर इमेरात एयरलाइंस की फ्लाइट नंबर ईके 528 दुबई से हैदराबाद आने पर यात्रियों की तलाशी ली। दो यात्रियों के अलावा इंडिगो एयरलाइंस के ग्राहक सेवा के अधिकारी के पास से सोने की 42 बिस्कुट बरामद किये गये।